भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1760

13 दिसंबर, 2021 को उत्तर के लिए

पीएलआई के लिए बजट का आवंटन

1760. श्री एन.आर. इलांगो:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विशेष इस्पात (स्पेशियलटी स्टील) के लिए उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य के लिए क्या-क्या प्रस्ताव बनाए गए हैं; और

(ख) विशेष इस्पात (स्पेशियलटी स्टील) उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य के लिए कितना बजट आवंटित किया गया है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क) और (ख): उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना में, 6322 करोड़ रुपये के परिव्यय से विशेष इस्पात की 5 व्यापक उत्पाद श्रेणियों को शामिल किया गया है, इस राशि को 5 वर्षों के दौरान जारी किया जाना है। इस योजना के लिए विस्तृत दिशानिर्देशों को 20 अक्टूबर, 2021 को अधिसूचित किया गया है। इस योजना में कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत पंजीकृत उन कंपनियों के लिए उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन की परिकल्पना की गई है जो दिशानिर्देशों में उल्लिखित आवेदन प्रक्रिया के जरिए अर्हता प्राप्त करती हैं तथा प्रत्येक उत्पाद उप-श्रेणी के लिए निर्धारित प्रतिबद्ध वृद्धिशील उत्पादन हासिल करती हैं और आवेदित उप-श्रेणी उत्पाद का विनिर्माण करने के लिए नई क्षमता सृजित करने में न्यूनतम निर्धारित निवेश करती हैं। इस योजना में राज्य-वार आवंटन की परिकल्पना नहीं की गई है।

****